राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण

राजस्थान उच्च न्यायालय परिसर, जयपुर पीठ, जयपुर

(Phone: 0141-2385831, 222755, 2227602 FAX, 2385877)

(Toll Free Help Line: 15100, E-mail: ftsrslsa@gmail.com website: **www.rlsa.gov.in**)

–::सूचना::–

चतुर्थ श्रेणी भर्ती परीक्षा, 2018

क्रमांकः एफ–7(115)रालसा/स्था/2011/4937 दिनांक : 06.03.2019

राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राजस्थान के विभिन्न जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों द्वारा दिनांक 30.01.2018 को चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर भर्ती हेतु विज्ञप्ति दिनांक 30.01.2018 को जारी कर दिनांक 23.02.2018 तक आवेदन–पत्र आमंत्रित किए गए थे, परन्तु इसी मध्य नोटिस क्रमांकः एफ–7(115)/रालसा/स्था./2011/40132, दिनांक 16.02.2018 के जरिए उक्त भर्ती एवं सम्पूर्ण प्रक्रिया को अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया था।

समग्र परिस्थितियों एवं नियमों का अवलोकन करने के पश्चात निर्देशानुसार यह सूचित किया जाता है कि निर्विवाद एवं पारदर्शी प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए पूर्व में प्रारंभ की गई उक्त संदर्भित भर्ती प्रक्रिया को सम्पूर्ण रूप से निरस्त किया जावे और आवेदकों को सत्यापन के पश्चात् उनके द्वारा अदा की गई शुल्क की राशि लौटाई जावे। निर्देशानुसार यह भी सूचित किया जाता है कि राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं स्थाई लोक अदालत में रिक्त चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पदों पर सीधी भर्ती के लिए जो विज्ञप्तियाँ (Notifications) राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण या राजस्थान के विभिन्न जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों द्वारा दिनांक 30.01.2018 को जारी किए गए थे, उन्हें तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाता है।

सभी आवेदकों को, जिन्होंने आवेदन राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण या जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में जमा कराया है, उन्होंने जिस माध्यम से परीक्षा शुल्क जिस स्थान पर जमा कराया है, उसे बाद सत्यापन प्राप्त करने एवं लौटाने का निर्देश दिया जाता है, जो आवेदकों को दिनांक 11.03.2019 से लौटाने की कार्यवाही की जावेगी।

निर्देशानुसार सभी अभ्यर्थियों/आवेदकों एवं सर्व साधारण को यह भी सूचित किया जाता है कि भविष्य में राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण या जिला

राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण

राजस्थान उच्च न्यायालय परिसर, जयपुर पीठ, जयपुर

(Phone: 0141-2385831, 222755, 2227602 FAX, 2385877)

(Toll Free Help Line: 15100, E-mail: ftsrslsa@gmail.com website: **www.rlsa.gov.in**)

विधिक सेवा प्राधिकरण सहित सभी जुड़े हुए संस्थापनों के लिए सीधी भर्ती से भरे जाने योग्य कार्मिकों के पदों पर भर्तीयाँ माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय की परीक्षा सेल द्वारा आयोजित होने वाली भर्तीयों के साथ ही प्रचलित (यथा संशोधित) नियमों के अधीन कराई जावेगी। उक्त संदर्भित विज्ञप्ति दिनांक 30.01.2018 बाबत् चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भर्ती के आवेदकों को एक वर्ष या माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा अपनाई गई प्रक्रिया के अनुरूप आयु सीमा में छूट प्राप्त होगी।

सभी अभ्यर्थियों एवं आवेदकों को हुई असुविधा के लिए रालसा खेद प्रकट करता है। भविष्य में परीक्षा सेल, राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा आयोजित भर्ती परीक्षा के लिए माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय की अधिकारिक वेबसाईट **www.hcraj.nic.in** विजिट करें।

आज्ञा से

06/03/19.

(अशोक कुमार जैन)
सदस्य सचिव
राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण
जयपुर